भारत सरकार

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

पशुपालन और डेयरी विभाग

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-245

दिनांक 02 दिसंबर, 2025 के लिए प्रश्न

एनएलएम के तहत आंध्र प्रदेश में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लाभार्थी

245. श्री मड्डीला गुरूमूर्तिः

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय पशुधन मिशन (एनएलएम) के अंतर्गत वर्ष 2021 से अब तक आंध्र प्रदेश, विशेषकर तिरुपति जिले को आवंटित/जारी की गई कुल धनराशि कितनी है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान योजना के अंतर्गत प्राप्त भौतिक और वित्तीय उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले में एनएलएम योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति (अजा) और अनुसूचित जनजाति (अजजा) समुदायों के कितने लाभार्थियों को सहायता प्रदान की गई है;

(घ) क्या अजा/अजजा किसानों में पशुधन विकास को बढ़ावा देने के लिए एनएलएम के अंतर्गत कोई विशेष घटक है; और

(ङ) यदि नहीं, तो क्या सरकार का पशुधन क्षेत्र के समतामूलक विकास हेतु सहायता प्रदान करने का कोई प्रस्ताव है?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री

(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) एनएलएम के अंतर्गत वर्ष 2021-22 से अब तक आंध्र प्रदेश को कुल निधियां 113.06 करोड़ रुपये आबंटित की गई हैं और जारी किए गए हैं। एनएलएम के अंतर्गत तिरुपति जिले को वर्ष 2021-22 से अब तक कुल 5.33 करोड़ रुपये की निधि आबंटित की गई और 5.27 करोड़ रुपये की निधि जारी किए गए हैं।

(ख) तिरुपति जिले में 2.29 करोड़ रुपये के वित्तीय व्यय से 18,553 पशुओं का बीमा किया गया, 2.98 करोड़ के वित्तीय व्यय से 1463 टन चारा बीज संवितरित किए गए, 98.00 लाख रु. के वित्तीय व्यय से 1316 किसानों को प्रशिक्षित किया गया और कौशल विकास कार्यक्रम के तहत 62 पशु चिकित्सकों और पैरा-पशु चिकित्सकों के लिए सेमिनार आयोजित किए गए।

(ग) पशुधन बीमा घटक के अंतर्गत, तिरुपति जिले में एनएलएम योजना के अंतर्गत 3612 अनुसूचित जाति लाभार्थियों और 729 अनुसूचित जनजाति लाभार्थियों को सहायता प्रदान की गई। तिरुपति जिले में एनएलएम योजना के अंतर्गत 2385 अनुसूचित जाति लाभार्थियों और 1194 अनुसूचित जनजाति लाभार्थियों को चारा बीज की आपूर्ति के द्वारा सहायता प्रदान की गई तथा 748 अनुसूचित जाति लाभार्थियों और 301 अनुसूचित जनजाति लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया गया।

(घ) और (ङ) एनएलएम के अंतर्गत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लाभार्थियों को सहायता प्रदान करने के लिए कुल परिव्यय में से बजट के एससीएसपी और टीएसपी शीर्ष के अंतर्गत राज्यों को निधियां जारी की जा रही हैं।

****